

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR

HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)

BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)

शिक्षक (I" ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 12 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 12 नवंबर का इतिहास

- **1967 :** इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया।
- **1861 :** महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद और एक बड़े समाज सुधारक मदनमोहन मालवीय का निधन हुआ।
- **2009 :** भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के अतुल्य भारत अभियान को वर्ल्ड ट्रेवल अवार्ड-2009 से नवाजा गया।
- **1781 :** अंग्रेजों ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।

## 12 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन पर 27वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 6 से 18 नवंबर तक शर्म अल शेख में आयोजित किया जा रहा है। वैश्विक समुदाय को COP-27 से कार्बन उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसानों और उनके वित्तपोषण पर ठोस कार्रवाई की उम्मीद है। इसे अफ्रीकी COP कहा जा रहा है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन शुक्र गृह के लिए मिशन करने जा रहा है। इसके अलावा वह चंद्रमा के अंधेरे हिस्से का राज भी खोलेगा। इन दोनों मिशन में जापान की स्पेस एजेंसी इसरो के साथ मिलकर काम करेगी। इसरो के फ्यूचर मिशनों के बारे में यह जानकारियां फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के डायरेक्टर अनिल भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्र ओर चंद्रमा के संयुक्त मिशन के अलावा इसरो मंगल पर भी एक और मिशन भेजेगा। इसरो इस समय कई स्पेस मिशन पर काम कर रहा है।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने यूजर्स के बेहतर अनुभव के लिए नया AI/ML आधारित चैटबॉट आधार मित्र लॉन्च किया। नया चैटबॉट उन्नत सुविधाओं के साथ काम करता है। आधार मित्र चैटबॉट इसकी प्रमुख विशेषताओं में आधार नामांकन/अपडेट स्थिति की जांच, आधार पीवीसी कार्ड की स्थिति को ट्रैक करना और नामांकन केंद्र स्थान की जानकारी आदिश शामिल हैं।
- प्रोफेसर किशोर कुमार बासा को राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के संस्कृति विभाग ने इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। बासा बारीपदा में महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय के कुलपति हैं और भारतीय राष्ट्रीय परिसंघ और मानवविज्ञानी अकादमी के अध्यक्ष भी हैं, जो भारत में सबसे बड़ा मानव विज्ञान संघ है।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एक रिपोर्ट में कहा है कि 2022 में वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.15 डिग्री सेल्सियस अधिक होने का अनुमान है। जो 2015 के आठ वर्षो को रिकॉर्ड पर सबसे गर्म बनाने की संभावना है। इस साल दुनियाभर में रिकार्ड गर्मी दर्ज की गई है।
- उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें दोनों पक्षा के बीच रणनीतिक साझेदारी की स्थिति की समीक्षा करने और व्यापार, निवेश और कनेक्टिविटी के क्षेत्रों मे सहयोग का जायजा लेने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार धनखड़ शुरू होने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र की अपनी यात्रा के दौरान 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आसियान भारत शिखर सम्मेलन 12 नवंबर को होगा, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन 13 नवंबर को होगा। आसियान शिखर सम्मेलन यूक्रेन संघर्ष और ताइवान जल क्षेत्र में चीन की सैन्य ताकत से उत्पन्न भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हो रहा है।
- केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने केरल के कोच्चि में 15वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन ओर एक्सपो 2022 के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन और प्रदर्शनी के इस 15वें आयोजन की मेजबानी के लिए कोच्चि उपयुक्त स्थान हैं, क्योंकि इसने शहरी क्षेत्रों में निर्बाध सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए खुद को एक अनुकरणीय शहर के रूप में प्रतिष्ठित किया है। एक ऐसी प्रणाली बनाने पर इसका ध्यान केंद्रित करना जो लोगों को निजी वाहनों से परिवहन के सार्वजनिक साधनों का विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करे, एक प्रशंसनीय उद्देश्य है।
- भारतीय स्टेट बैंक को दूसरी तिमाही में बंपर मुनाफा हुआ है। बैंक के लिए दूसरी तिमाही अब तक के सबसे अधिक मुनाफे वाली तिमाही रही है। एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल आधार पर 13,265 करोड़ रूपये का मुनाफा कमाया है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 74 फीसदी अधिक है।
- एशियाई हॉकी महासंघ के सीईओ पाकिस्तान के मोहम्मद तैयब इकराम को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया जो भारत के नरिंदर बत्रा की जगह लेंगे। इकराम ने बेल्जियम के मार्क कुड्रोन को यहां आनलाइन हुई एफआईएच की 48वीं कांग्रेस में 79.47 से हराया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व निमोनिया दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 नवंबर (B) 12 नवंबर
(C) 14 नवंबर (D) 16 नवंबर

**(B)** विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत सर्वप्रथम वर्ष 2009 में ग्लोबल को एलिशन अगेंस्ट चाइल्ड निमोनिया द्वारा निमोनिया के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। निमोनिया फेफड़ों में एक गंभीर संक्रमण की स्थिति है, जो कि बैक्टीरिया के कारण होता है।




**2. भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम S कब तक लॉन्च किया जाएगा है ?**

(A) 12 से 16 नवंबर (B) 13 से 17 नवंबर
(C) 14 से 18 नवंबर (D) 15 से 20 नवंबर

**(A)** भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट, विक्रम S 12 से 16 नवंबर के बीच लॉन्च के लिए तैयार है। रॉकेट को श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के लॉन्चपैड से लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन के साथ स्काईरूट एयरोस्पेस अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बन जाएगी।



**3. अक्टूबर 2022 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड किसने जीता है ?**

(A) रोहित शर्मा (B) केएल राहुल
(C) सूर्य कुमार यादव (D) विराट कोहली

**(D)** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। पुरूषों में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को और महिलाओं में पाकिस्तान की दिग्गज ऑलराउंडर निदा डार को यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है।



**4. हाल ही में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टी-20 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने है ?**

(A) विराट कोहली (B) सूर्य कुमार यादव
(C) सुरेश रैना (D) रोहित शर्मा

**(B)** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम के आखिरी ग्रुप मैच के दौरान जैसे ही 35 रन पूरे किए उन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इतिहास रच दिया। सूर्यकुमार यादव अब भारत की तरफ से टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक वर्ष में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।



**5. भारत सरकार ने कितने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है ?**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**(D)** भारत सरकार ने चार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब एंड सिंध बैंक ऐसे चार बैंक है, जिनके बोर्ड में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा मंजूरी दी जाती है।





**6. इसरो किस देश के सहयोग से मून शैडो साइड पर खोज करने की योजना बना रहा है ?**

(A) जापान (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) रूस (D) फ्रांस

**(A)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रमा और मंगल पर मिशन के बाद अब जापान की अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से मून के डार्क की खोज की तैयारी में है। प्रारंभिक योजनाओं के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा निर्मित एक मून लैंडर और एक रोवर को मून के साउथ पोल के पास नियोजित लैंडिंग एक जापानी रॉकेट की मदद से करायी जाएगी।



**7. हाल ही में किस टीम ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022 जीती है ?**

(A) हिमाचलप्रदेश (B) कोलकाता

(C) मुंबई (D) चेन्नई

**(C)** मुंबई टीम ने हिमाचल प्रदेश को फाइनल में 3 विकेट से हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली टी-20 खिताब जीत लिया। मुंबई के लिए स्पिनर तनुष कोटेन ने 15 रन देकर और मध्यम तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने 21 रन देकर 3-3 विकेट लिए। हिमालच प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 143 रन बनाए।



**8. भारत का पहला तैरता हुआ वित्तीय साक्षरता शिविर किस शहर में आयोजित किया गया था ?**

(A) श्रीनगर (B) भोपाल

(C) उदयपुर (D) नैनीताल

**(A)** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने श्रीनगर में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं द्वारा नामक पहल का आयोजन किया गया। यह आयोजन डल झील में भारत के पहले अस्थायी वित्तीय साक्षरता शिविर के रूप में किया गया। यह कैंप श्रीनगर की विश्व प्रसिद्ध डल झील के आसपास के स्थानीय निवासियों के साथ आयोजित किया गया था।



**9. सफल लिस्टिंग पर केस स्टडी के लिए यूएस ट्रेजरी द्वारा भारत के किस म्युनिसिपल बॉन्ड को चुना गया है ?**

(A) अहमदाबाद (B) मुंबई

(C) वडोदरा (D) कोलकाता

**(C)** अमेरिकी दूतावास और ट्रेजरी ने सफल लिस्टिंग पर केस स्टडी के लिए वडोदरा नगर निगम द्वारा नगरपालिका बांड का चयन किया है। इसने बांड को अन्य नागरिक निकायों के लिए बेंचमार्क के रूप में भी उद्धृत किया जो स्टॉक एक्सचेंजों में प्रवेश करने के लिए तैयार है।





**10. इनसाइट मिशन किस ग्रह के आंतरिक अन्वेषण के लिए डिजाइन किया गया है ?**

(A) बुध (B) मंगल

(C) शुक्र (D) बृहस्पति

**(B)** मंगल की सतह पर लगभग चार साल बिताने के बाद नासा का इनसाइट लैंडर अपनी सेवा के आखिरी चरण में है। क्योंकि लैंडर के सौर पैनलों पर उड़ने वाली धूल के कारण अंतरिक्षयान की बिजली उत्पादन में गिरावट आ रही है। इनसाइट भूकंपीय जांच जियोडेसी और हीट ट्रांसपोर्ट का उपयोग करके मंगल ग्रह की आंतरिक खोज के लिए बनाया गया लैंडर है।